प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 मई 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता: 2025-26

आर्थिक/वित्त/बैंकिंग के साथ-साथ सामान्य रुचि के विषयों पर हिंदी में मौलिक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक प्रतिवर्ष अंतर-बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता आयोजित करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा उनके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के सभी अधिकारी तथा स्टाफ-सदस्य (राजभाषा अधिकारियों और अनुवादकों को छोड़कर) इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। वर्ष 2025-26 की उक्त प्रतियोगिता के लिए निम्नलिखित विषय रखा गया है:-

- **टैरिफ, विश्व व्यापार और भारत**

प्रतिभागियों से उपर्युक्त विषय पर हिंदी में निबंध आमंत्रित किए जाते हैं। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख **20 जून 2025 (शुक्रवार)** है।

2. **प्रतियोगिता के लिए विभिन्न भाषिक समूहों के विवरण सहित नियम** संलग्नक "क" में तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा निबंध के साथ भेजे जाने वाले **प्रमाणपत्र का प्रारूप** संलग्नक "ख" में दिया गया है। प्रत्येक भाषिक समूह के लिए प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दो प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए क्रमशः ₹14,000/-, ₹10,000/-, ₹8,000/- एवं ₹3,000/- की राशि प्रदान की जाएगी।

3. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा उनके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अनुरोध है कि वे इसके बारे में अपने बैंक में कार्यरत समस्त अधिकारियों तथा स्टाफ-सदस्यों को अवगत कराएं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/436